प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- बाड़मेर, जैसलमेर और फलोदी के लिए आज प्रचण्ड गर्मी और लू का रेड़ अलर्ट–बाडमेर में रिकॉर्ड तोड गर्मी अधिकतम तापमान 48 डिग्री के पार।

- नीट यूजी–2026 परीक्षा के कथित पेपर लीक के बारे में सीबीआई ने मामला दर्ज किया।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेट्रोल डीजल की बचत पर जोर दिया–अनावश्यक वाहनों का उपयोग बंद करने की अपील की।

- कोटा में न्यू मेडिकल कॉलेज और जेकेलोन अस्पताल में प्रसूताओं की मौत के मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में 4 स्वास्थ्यकर्मी निलंबित।

00000

प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी का असर है। प्रचंड गर्मी और लू के थपेडों से आमजनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। बाडमेर में रिकॉर्ड तोड गर्मी पड रही है और अधिकतम तापमान कल 48 डिग्री सेल्सियस के पार मापा गया। वहीं फलोदी, जैसलमेर, चित्तोडगढ और बीकानेर में दिन का पारा 45 डिग्री के पार रहा। प्रदेश में दिन के तापमान में 6 डिग्री और रात के पारे में 5 डिग्री तक की बढोतरी दर्ज की गई है। फलोदी, जोधपुर, बीकानेर, नागोर और जालोर में रात का पारा 30 डिग्री के पार रहा। राजधानी जयपुर में भी गर्मी का प्रकोप तेज हो गया है। दिन के पारे में तीन डिग्री और रात के तापमान में करीब 1 डिग्री का उछाल रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी राजस्थान में पारे में और बढोतरी के आसार है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में हीटवेव के साथ साथ रातें भी काफी गर्म रहने की संभावना है।

.....

राज्य में कल कहीं–कहीं हल्की बरसात भी हुई। अलवर के कोटकासिम में डेढ सेंटीमीटर पानी बरसा। भरतपुर जिले में आंधी के साथ जोरदार बरसात हुई। वहीं कई गांवों में ओले भी गिरे। आज बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में धूलभरी हवायें चलने के आसार है।

0000

नीट–यूजी 2026 परीक्षा के कथित पेपर लीक के संबंध में सी.बी.आई ने मामला दर्ज किया है। इसमें देशभर से कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच एजेंसी ने उच्च शिक्षा विभाग की लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है। नीट–यूजी परीक्षा के संचालन में कथित गडबडियों और पेपर लीक के बारे में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, चोरी और साक्ष्य नष्ट करने तथा सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम 2024 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। देश में नासिक सहित अन्य स्थानों से भी पेपर लीक करने में शामिल साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच सीबीआई टीम जांच के लिए कल जयपुर पहुंची। इन्होंने राजस्थान एसओजी की ओर से हिरासत में लिये गये करीब 20 लोगों से पूछताछ की। इससे पहले सीकर के करियर काउंसलर राकेश कुमार को भी देहरादून से पकडा गया था। एसओजी के आईजी अजय पाल लाम्बा ने बताया कि मामले की गहन जांच के लिए एसओजी सीबीआई का पूरा सहयोग कर रही है।

....

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने मेडिकल शिक्षा में प्रवेश के लिए तीन मई को आयोजित नीट–यूजी 2026 परीक्षा रद्द कर दी है। एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने कहा कि एजेंसी विद्यार्थियों को नीट–यूजी परीक्षा शुल्क वापस कर देगी।

....

नीट परीक्षा कथित पेपर लीक के विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस की ओर से जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

0000

कोटा स्थित कृषि विश्वविद्यालय का नवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जायेगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े समारोह में शामिल होंगे। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा भी समारोह में मौजूद रहेंगे, विश्वविद्यालय की कुलगुरू डॉ. विमला डूकवाल ने बताया कि इस वर्ष कृषि, उद्यानिकी और वानिकी संकायों के कुल 358 अभ्यर्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इनमें स्नातक के 318, स्नातकोत्तर के 34 और पीएचडी के 6 शोधार्थी शामिल हैं। विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले 11 प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक से नवाजा जाएगा।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेट्रोल डीजल की बचत पर जोर दिया है। उन्होंने अनावश्यक वाहनों का उपयोग बंद करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या भी कम करने का निर्णय किया है। साथ ही मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भी वाहनों के इस्तेमाल में किफायत बरतने के निर्देश दिए है। उन्होंने पेट्रोल डीजल की गैर जरूरी खपत कम करने की बात कही है। सभी विभागों को सरकारी कार्यक्रमों, दौरों और वीआइपी मूवमेन्ट तथा प्रोटोकॉल के नाम पर अतिरिक्त गाडियों की संस्कृति खत्म करने को कहा गया है। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर  प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोल डीजल बचत की देशव्यापी अपील की थी।

0000

ज्ञान भारतम मिशन के तहत राजस्थान में अब तक साढे 16 लाख से अधिक पांडुलिपियों का सर्वेक्षण किया गया है जो देश में सबसे ज्यादा है। कल जयपुर में मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने बताया कि कला संस्कृति विभाग और राज्य के विशेषज्ञों की सहभागिता से पांडुलिपि सर्वेक्षण का काम व्यापक स्तर पर किया गया। उन्होंने बताया कि विभिन्न पुराणों, वेदों और अन्य ग्रन्थों से संबंधित महत्वपूर्ण पांडुलिपियों का दस्तावेजीकरण किया गया। उन्होंने बताया कि इन दस्तावेज की श्रेणीबद्ध सूची तैयार की जा रही है।

0000

कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज में प्रसूताओं की मौत के मामले में चिकित्सा विभाग ने लापरवाही बरतने के आरोप में चार स्वास्थ्यकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें कॉलेज के स्त्री और प्रसूती रोग विभाग के आचार्य डॉ. बद्रीलाल और सह आचार्य डॉ. खुशबू मीणा शामिल है। वहीं कॉलेज की नर्सिंग अधिकारी मीनाक्षी मीणा और जेकेलोन अस्पताल की नर्सिंग अधिकारी पिंकी खींची को भी निलंबित किया गया है। जेकेलोन अस्पताल की अधीक्षक डॉ. निर्मला शर्मा और न्यू मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. आशुतोश शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

0000

राज्य पक्षी गोडावण के संरक्षण अभियान में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जैसलमेर के ब्रीडिंग सेंटर में दो और नन्हें गोडावण का आगमन हुआ है। इसके साथ ही कृत्रिम प्रजनन केंद्रों में गोडावणों का कुल आंकड़ा 86 पर पहुंच गया है। 10 मई को रामदेवरा ब्रीडिंग सेंटर में और 11 मई को सम सेंटर में एआई तकनीक के माध्यम से दो चूजों ने जन्म लिया। अब तक इस तकनीक की मदद से 26 गोडावण जन्म ले चुके हैं।

0000

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के सूरतगढ़ तापीय विद्युत गृह की कुल 1 हजार 320 मेगावाट क्षमता की 2 सुपरक्रिटिकल इकाईयों ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। ये बेहतरीन प्रदर्शन वित्तीय वर्ष 2025–26 की अंतिम तिमाही मे किया गया। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि दोनो सुपर क्रिटिकल इकाईयों से 95 प्रतिशत से अधिक बिजली उत्पादन उपलब्धता हासिल हुई है। इन इकाइयों ने राज्य में बढती बिजली की आपूर्ति में सामंजस्य रखते हुए सराहनीय योगदान दिया है।

0000